www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार,19 अक्टूबर 2025

## सुविचार



कला मनुष्य को प्रकृति के साथ एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाने का मौका देती है। धनतेरस पर हम अपने घर को सजाते हैं, जो कला का ही एक रूप है, और इस कला के माध्यम से हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाते हैं। -रवीन्द्रनाथ टैगोर

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- बुजुर्ग की हत्या करने के बाद हाथ बांधकर शव पेड़ पर लटकाया-II
- फुलझड़ी, अनार और चकरी की ज्यादा मांग -III
- एथलेटिक मीट में ग्रीन हाउस बना चैंपियन-IV

## सिटी ब्रीफ

### दिवाली पर पानी की नहीं होगी समस्या, सफाई व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

**बरेली, अमृत विचार :** दिवाली के मद्देनजर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने वार्डों में लाइट और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति के लिए महानगर को चार जोन में बांटा गया है। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय समेत तमाम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। पेयजल संकट वाले इलाकों को चिह्नित करने के साथ ही खराब पड़े हैंडपंप और ट्यूबवैलों की मरम्मत कराई गई है। नगर आयुक्त का कहना है कि बिजली जाने के बाद भी पेयजल की सप्लाई बंद नहीं होगी। इसके लिए ट्यूबवैलों पर अतिरिक्त जनरेटरों की व्यवस्था की है। इसके कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। सफाई और प्रकाश विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि त्योहार के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। इसके लिए सफाई निरीक्षकों और प्रकाश विभाग के अभियंताओं की जिम्मेदारी तय की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### वेबसाइट धीमी होने से धनतेरस पर नहीं हो पाईं रजिस्ट्रियां

**बरेली, अमृत विचार :** धनतेरस के दिन बड़ी संख्या में लोगों ने मकान, प्लॉट और कृषि भूमि खरीदने के लिए सब रजिस्ट्रार प्रथम और द्वितीय के यहां पहले ही स्लॉट बुक करा लिए थे ताकि शनिवार को रजिस्ट्री करा सकें लेकिन चार दिन से धीमी गति से चल रही वेबसाइट ने लोगों को परेशान किया। सब रजिस्ट्रार प्रथम के यहां करीब 73 लाख की 58 रजिस्ट्री और द्वितीय के यहां 58 लाख की 51 रजिस्ट्री कराई गईं। तीन दिन पहले स्लॉट बुक कराने वालों को आज रजिस्ट्री कराने का मौका मिला।

### धनतेरस की वजह से समाधान दिवस में कम पहुंचीं शिकायतें

**बरेली, अमृत विचार :** धनतेरस के दिन संपूर्ण समाधान दिवस होने की वजह से शनिवार को तहसील सदर में कम फरियादी पहुंचे। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 17 शिकायतें ही पहुंचीं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सबसे ज्यादा प्लॉट, चकरोड की जमीन पर कब्जे आदि के राजस्व के मामले पहुंचे। पुलिस की दो शिकायतें पहुंचीं। अधिकारियों ने शिकायतें सुनने के बाद अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

## रोशनी से जगमग स्पोर्ट्स स्टेडियम





स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों ने शनिवार को धनतेरस के पर्व पर दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। खिलाड़ियों ने मैदान पर रंगोली बनाकर उसके चारों ओर दीये और मोमबत्ती लगाकर उसे और भव्य रूप से सजाया। इस दौरान स्टेडियम की अलग ही छटा नजर आ रही थी। ● अमृत विचार

# धनतेरस : बाजार पर धनवर्षा, कारोबार 1300 करोड़ पार

## देर रात तक दुकानों और शोरूमों पर जुटी रही ग्राहकों की भीड़, जीएसटी घटने का भी असर, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो बाजार में रौनक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धनतेरस पर बाजार में खूब धन बरसा। जीएसटी की घटी दरों का असर भी दिखा। शनिवार को बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल से माहौल पूरी तरह उत्सव में तब्दील हो गया। सुबह से आधी रात तक दुकानों पर ग्राहकों का हुजूम उमड़ा रहा। शुभ मुहूर्त में लोगों ने जमकर खरीदारी की। 1300 करोड़ से अधिक का कारोबार होने का अनुमान जताया जा रहा है।

शहर में कुतुबखाना, बड़ा बाजार, शहामतगंज, आलमगिरीगंज, राजेंद्रनगर समेत अन्य इलाकों में सुबह से ही सोने-चांदी से लेकर इलेक्ट्रानिक और बर्तनों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखी। दोपहर होते-होते वाहन शोरूम में काफी संख्या में ग्राहक जुट गए। दर्जनों दो पहिया वाहनों की डिलीवरी दी गई। इलेक्ट्रिक वाहन भी खूब बिके। अधिकांश युवतियों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। वहीं, चार पहिया वाहनों के शोरूमों भी ग्राहकों की भीड़ रही। शुभ मुहूर्त में लोगों ने कारें खरीदीं। एक अनुमान के अनुसार पर्व पर एक हजार से ज्यादा चार पहिया और सात हजार से अधिक दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई है।

व्यापारियों के अनुसार धनतेरस पर सर्राफा बाजार में 500 करोड़, वाहन बाजार में 250 करोड़, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में 100 करोड़, बर्तन बाजार में 80 करोड़, किराना बाजार में 65 करोड़, कपड़ा बाजार में 70 करोड़, मिठाई और ड्राई फ्रूट्स पर 90 करोड़, जमीन-मकान की रजिस्ट्री पर 100 करोड़, पटाखा बाजार में 40 करोड़, दीये-मूर्ति आदि पर 4 करोड़ व अन्य पर 30 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।



धनतेरस पर प्रेमनगर में एक दुकान पर बर्तन खरीदने के लिए उमड़े ग्राहक। ● अमृत विचार



रामपुर गार्डन में दिवाली के लिए ग्राहकों ने जमकर खरीदीं मिठाइयां। ● अमृत विचार

### स्टील और पीतल के बर्तनों की मांग अधिक रही

**बरेली, अमृत विचार :** धनतेरस पर शहर में बर्तन की दुकानों पर सबसे ज्यादा ग्राहकों की भीड़ दिखी। दुकानदार ने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर दिए। स्टील और पीतल के बर्तनों की मांग अधिक रही। व्यापारियों के अनुसार स्टील के बर्तनों पर जीएसटी कम होने की वजह और धनतेरस की वजह से ग्राहकों का रुझान बाजार में खूब रहा है। इलेक्ट्रानिक आइटम, झाड़ू, खील, मुरमुरे, खिलौने को भी खूब खरीदारी हुई। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की आमद रही।



सिविल लाइंस में इलेक्ट्रानिक्स सामान की जमकर हुई बिक्री। ● अमृत विचार

### ऑटो सेक्टर में 20 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

ऑटो सेक्टर से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस बार त्योहार पर बीते साल की तुलना में बिक्री में करीब 20 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। जीएसटी कम होने से दोपहिया वाहनों पर आठ से पंद्रह हजार रुपये व बड़े वाहनों की कीमतों में एक लाख तक की कमी आई है। इससे वाहनों की बिक्री में तेजी आई है। अकेले ऑटो सेक्टर से लगभग 250 करोड़ रुपये तक का व्यापार होने की उम्मीद है। टू-व्हीलर से लेकर हाई-एंड लग्जरी कारों तक की डिमांड काफी बढ़ी है।





दिवाली पर पूजन के लिए मूर्तियां खरीदते ग्राहक। ● अमृत विचार



मोमबत्ती की भी जमकर हुई खरीदारी। ● अमृत विचार

# खूब बिका सोना-चांदी, चमका बाजार



सर्किट हाउस रोड पर धनतेरस पर शोरूम में ज्वेलरी खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धनतेरस पर सर्राफा बाजार सोने की चमक से दमक उठा। शनिवार सुबह से देर शाम तक सराफा दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। कारोबारियों के मुताबिक सोने की खरीदारी में बढ़ती कीमतों का असर दिखा। हल्के गहनों में ब्रेसलेट, पेंडेंट, ईयरिंग, रिंग, नोज पिन, झुमके, कड़े, कंगन, चेन आदि की मांग ज्यादा रही। चांदी के सिक्कों समेत लक्ष्मी, गणेश की प्रतिमा और बर्तनों की खूब बिकी हुई।

आलमगिरीगंज सर्राफा बाजार, सिविल लाइंस में ज्वेलरी शोरूमों पर ग्राहकों की भीड़ बनी रही। महिलाओं को पारंपरिक डिजाइनों के साथ मॉडर्न ज्वेलरी ने अधिक आकर्षित किया।




सराफा बाजार आलमगीरीगंज में दिनभर रही भीड़भाड़। ● अमृत विचार

### बोले सर्राफ, बेहतर रहा कारोबार

"धनतेरस पर सराफा कारोबार बेहतर रहा। बढ़ती कीमतों के बावजूद सोने के गहनों की मांग खूब रही। लोगों ने मनपसंद गहने खरीदे। **-मोहित आनंद**, ज्वेलर्स

"धनतेरस से सराफा बाजार में रौनक रही। ग्राहकों को लाइट वेट की ज्वेलरी अधिक पसंद आ रही है। **- संदीप अग्रवाल**, ज्वेलर्स

# महालक्ष्मी व बुधादित्य योग में सोमवार को मनेगी दिवाली

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदोष और निशीथ काल होने के कारण दीपावली सोमवार को मनाई जाएगी। इस दिन बहु महालक्ष्मी योग और बुधादित्य योग बन रहा है, जो व्यापार आदि के लिए शुभ रहने वाला है।

महालक्ष्मी राजयोग में मंगल और चंद्रमा की युति से महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा और बुधादित्य योग में सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग बनेगा, जो बुद्धि, नेतृत्व क्षमता और सफलता प्रदान करता है। आचार्य महेश शर्मा ने बताया कि दिवाली पर निवेश और खरीदारी के लिए अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.45 से 12.30 बजे के मध्य रहेगा।

घर के लक्ष्मी पूजन के लिए वृषभ लग्न मुहूर्त रात 7 बजे से 9 बजे लक्ष्मी पूजन करना शुभ रहेगा। वहीं, दुकानों और फैक्ट्रियों के पूजन के लिए कुंभ लग्न मुहूर्त दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

# दिवाली पर मिलेगी पर्याप्त बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 23 अक्टूबर तक सबस्टेशनों पर अधिकारी रहेंगे तैनात, सभी के अवकाश किए रद्द

**अमृत विचार:** दिवाली पर उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली मिलेगी। बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए शनिवार से गुरुवार तक सबस्टेशनों पर अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है।

मुख्य अभियंता के निर्देश पर शहर से लेकर देहात तक के सबस्टेशन पर शाम 4 से रात 12 बजे तक अधिकारियों को आपूर्ति पर निगरानी करने को कहा गया है। इसके अलावा ट्राली टांसफार्मर तैयार करने के साथ ही अलग अलग गैंग बनाई गई है। गैंग फाल्ट होने की सूचना पर तत्काल उसे ठीक करने के लिए पहुंचेगी।

दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज पर बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए 18 से 23 अक्टूबर तक नगरीय वितरण मंडल के सभी सबस्टेशन पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 33 और 11 केवी वर्टिकल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा कॉमर्शियल प्रथम ओर सेकेंड के साथ एचआर जनसंपर्क वर्टिकल के अधिकारी और कर्मचारियों को शाम 4 से लेकर रात बजे तक सभी सबस्टेशन पर तैनात किया गया है।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि दिवाली के मौके पर जिन अधिकारी और कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है उन्हें अवकाश के दौरान बाहर जाने पर रोक रहेगी।

**योजना** | ग्रेटर बरेली और रामगंगा नगर में आवासीय प्लॉटों की हुई नीलामी, व्यावसायिक प्लॉट भी बेचे

# धनतेरस पर बीडीए को 150 करोड़ रुपये की आय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धनतेरस पर बीडीए को कार्यालय परिसर में आयोजित रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के तहत आवासीय और व्यावसायिक प्लॉट नीलामी में करीब 150 करोड़ रुपये की आय हुई है।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मणिकंडन ने बताया कि नीलामी में आवासीय भूखंड, व्यावसायिक भूखंड, शोरूम, स्कूल भूखंड, नर्सिंग होम और हेल्थ सेंटर जैसी संपत्तियों की बोली लगी। यह नीलामी रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजनाओं के तहत हुई, जिसमें शहर और बाहर के निवेशकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बीडीए के अनुसार इस नीलामी से न केवल प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि शहर में निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। इस मौके पर प्राधिकरण की नई टाउनशिप योजना भी चर्चा में रही। यह योजना दिल्ली-लखनऊ बाईपास और बरेली-पीलीभीत राजमार्ग के पास, ग्रेटर बरेली योजना के पूर्व में स्थित है। नई टाउनशिप में 45 और 30 मीटर चौड़ी मुख्य सड़कें, 18 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़कें, भूमिगत बिजली लाइनें और 132 केवीए का विद्युत उपकेंद्र प्रस्तावित है।

योजना में एम्यूजमेंट पार्क, कम्युनिटी सेंटर, होटल, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, साइबर सिटी और मल्टीप्लेक्स जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इसके अलावा विशाल सेंट्रल और नेबरहुड पार्क भी प्रस्तावित हैं। बता दें कि बरेली विकास प्राधिकरण प्रदेश का पहला प्राधिकरण है, जो किसानों से आपसी सहमति के साथ भूमि खरीदकर योजनाओं का विकास कर रहा है।



बीडीए कार्यालय में भूखंडों की लॉटरी के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

गुप्त रोगी मिलें

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इसलामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# बुजुर्ग की हत्या करने के बाद हाथ बांधकर शव पेड़ पर लटकाया

## खमरिया आजमपुर गांव का मामला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबा कर हत्या की पुष्टि

संवाददाता, बरेली/मीरगंज


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार


बाबू सिंह का फाइल फोटो।

- जमीन से टिके हुए थे पैर, शव में पड़ चुके थे कीड़े

**अमृत विचार :** मीरगंज क्षेत्र के खादर इलाके के गांव खमरिया आजमपुर में गन्ने के खेत में बुजुर्ग की गला दबा कर हत्या कर दी गई और शव पेड़ पर फंदे से लटका दिया। बुजुर्ग के दोनों हाथ बंधे हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि हुई। मृतक की पहचान ग्राम खमरिया आजमपुर निवासी बाबू सिंह (72) के रूप में हुई।

गांव खमरिया आजमपुर निवासी महावीर सिंह ने शनिवार सुबह अपने गन्ने के खेत में पेड़ से लटका हुआ वृद्ध का शव देखा। जिसकी जानकारी उन्होंने प्रधान और पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर सीओ अजय कुमार और थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ग्रामीणों की मदद से शव के पास पहुंची तो देखा शव पूरी तरह से सड़ गया था और बदबू आ रही थी। शव में कीड़े भी पड़ गए थे। मृतक के हाथ आगे की ओर लाल कपड़े से बंधे हुए मिले, जिससे लगा कि घटना कई दिनों पहले घटित कर यहां पर शव लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। शव के पैर जमीन से टिके हुए थे और चप्पल भी वहीं पड़ी थीं। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव की शिनाख्त बाबू सिंह (72) के रूप में हो सकी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

बेटे कुलदीप चौधरी ने बताया कि उसके पिता अक्सर भजन कीर्तन करने दूर-दूर मंदिरों पर जाया करते थे और तीन-तीन महीने तक मंदिरों पर ही व्यतीत करते थे। इस वजह से उनकी तलाश नहीं की। उन्हें यह अहसास था कि अब भी वह मंदिर पर कहीं गए होंगे।

सीओ अजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। जल्द ही हत्यारोपियों तक पहुंच कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# डकैत शैतान के मुठभेड़ में मारे जाने की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने दिया आदेश, एडीएम सिटी ने लोगों से साक्ष्य मांगे

**अमृत विचारः** पुलिस मुठभेड़ में मारे गए डकैत शैतान के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। एडीएम सिटी ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केस के संबंध में कोई भी कोई जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम कार्यालय में 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक उपस्थित होकरदे सकते हैं।

एडीएम सिटी ने कहा है कि डीएम के आदेश के अंतर्गत 9 अक्टूबर की सुबह प्रभारी निरीक्षक को मुखबिर से सूचना मिली कि ईनामी वांछित अभियुक्त शैतान उर्फ इफ्तेकार उर्फ सोल्जर अपने साथी के साथ घटना की फिराक में बिथरी चैनपुर की तरफ से बीसलपुर चौराहा आएगा। प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी ने पुलिस टीम के साथ हैलो कैफे से थोड़ा आगे पहुंचकर बदमाशों के आने का इंतजार किया। कुछ समय बाद मोटरसाइकिल पर दो बदमाश हेलमेट लगाए हुए जाते दिखाई दिये। रुकने का इशारा करने पर बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने फायरिंग की और पीलीभीत बाईपास पर भागने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने पीछा कर कंट्रोल रूम, एसओजी और अधिकारियों को सूचना दी। इस पर प्रभारी निरीक्षक इज्जतनगर, एसओजी 1 और 2 टीम ने रास्ते में रोकने का प्रयास किया। बदमाशों ने नैनीताल रोड, भोजीपुरा की तरफ प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा की गाड़ी से चेकिंग देख अपनी बाइक खेत में मोड़ दी। पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण के लिए कहा, जिसके जवाब में बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल तो दूसरा खेत में खड़ी फसल का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान शैतान उर्फ इफ्तेकार उर्फ सोल्जर के रूप में हुई थी। वह थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में घटित डकैती की घटना में एक लाख का पुरस्कार घोषित अभियुक्त था। अभियुक्त को सीएचसी भोजीपुरा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

# दो बकायादारों की अचल संपत्ति कुर्क करने की तैयारी

- कुर्की वारंट जारी, तहसील सदर की टीम ने अचल संपत्ति चिह्नित की

**बरेली, अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की ओर से जमानतदार पर 1-1 लाख रुपये की धनराशि आरोपित की गई। कोर्ट के आदेश पर दोनों बकायादारों की अचल संपत्ति कुर्क करने की तैयारी तेज हो गई है। एसडीएम सदर ने दोनों से धनराशि वसूल कराने के लिए अचल संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी कर दिया है। संग्रह अमीन ने अचल संपत्ति चिह्नित कर ली है।

एसडीएम सदर एवं तहसीलदार सदर की ओर से जारी कुर्की वारंट के अनुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने बकायादार रामवीर सिंह पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी चौबारी थाना कैंट के विरुद्ध एक लाख रुपये की धनराशि आरोपित कर वसूली प्रमाणपत्र जारी किया। एडीएम फाइनेंस के निर्देश पर आरसी जारी कराकर बकायादार/जमानतदार को तामील करा दी गई है। जमानतदार ने अभी तक कोई धनराशि अदा नहीं की है। न किसी सक्षम न्यायालय से जारी कोई स्थगन आदेश प्रस्तुत किया था। वहीं बकायादार दीपक सिंह पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी चौबारी के विरुद्ध एक लाख रुपये की धनराशि आरोपित की गयी थी। आरसी जारी होने पर जमानतदार ने धनराशि अदा नहीं की है। अचल संपत्ति की कुर्की करने के लिए संग्रह अमीन ने जांच की और रिपोर्ट तहसील को भेजी।

# महिला से छेड़छाड़ कर अगवा करने की कोशिश

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में चार लोगों ने अकेली महिला को देख कर घर में घुस गए। आरोप है कि चारों ने छेड़छाड़ कर उसे अगवा करने की कोशिश की। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला ने एसएसपी अनुराग आर्य को दी शिकायत में बताया कि उसके पति मजदूरी करते हैं। जिसके कारण वह अक्सर बाहर रहते हैं। आरोप है कि नेत्रपाल, लेखराज ओम पाल और प्रमोद उसे आए दिन परेशान करते रहते हैं। 10 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे चारों उसके घर में घुस गए। सभी ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अपहरण करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई की।

# दीपावली से पहले मुस्तैद हुई पुलिस एडीजी-एसएसपी ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शहर में पैदल मार्च करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

- शहर में बढ़ाई गई सुरक्षा, पुलिस ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**अमृत विचार :** दीपावली के मद्देनजर जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। शनिवार दोपहर एडीजी, डीआईजी और एसएसपी अनुराग आर्य ने भारी पुलिस फोर्स के साथ शहरभर में पैदल मार्च किया।

पैदल मार्च की शुरुआत कुतुबखाना से हुई जो बड़ा बाजार, आलमगीरीगंज जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों से होता हुआ साहू गोपीनाथ स्कूल तक पहुंचा। मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों और व्यापारियों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि त्योहारों में कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा। बाजारों में पुलिसकर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है और सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि हर संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस को खास निर्देश दिए गए हैं ताकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल, पीएसी और ट्रैफिक पुलिस के जवान शामिल रहे।

# बाजार गए किशोर के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक किशोर की चार दबंगों ने मिलकर पिटाई की। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिठौरा निवासी ब्रजेश सिंह ने बताया कि उनका 12 वर्षीय बेटा विशाल 16 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे के करीब बाजार जा रहा था। जिसे यूसुफ, अनश, मुजाहिद और रिजवान ने गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में 10 अतिरिक्त बेड लगाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आतिशबाजी में झुलसे हुए लोगों को मिलेगा त्वरित इलाज
- इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती बढ़ाई

**अमृत विचारः** दिवाली पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में 10 अतिरिक्त बेड बढ़ा दिए गए हैं। वहीं, इमरजेंसी में डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती बढ़ा दी गई है। सीएमओ ने सभी सीएचसी प्रभारियों को आपात स्थिति के लिए पर्याप्त तैयारी रखने का निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में आतिशबाजी में जले हुए मरीजों को त्वरित इलाज देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए इमरजेंसी मेडिकल टीम बनाई गई है, जिसमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल है। घायलों और गंभीर मरीजों को त्वरित अस्पताल पहुंचाने के लिए 102 एवं 108 एम्बुलेंस अलर्ट मोड पर रहेंगी। 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर शिवम सोनी ने बताया कि दिवाली पर मरीजों को तुरंत एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगी।

# पुलिस ने खाते में ट्रांसफर हुए 51 हजार वापस कराए

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी का शिकार हुए युवक के 51 हजार रुपये वापस मिल गए। प्रेमनगर क्षेत्र के गुलाबनगर निवासी साजिद खां गलती से 51 हजार रुपये यूपीआई के जरिए सुनील कुमार के नाम के व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर बैठे। रकम जाने के बाद साजिद खां ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थना पत्र थाना प्रेमनगर में सौंपा। थाने की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए साजिद खां की राशि पूरी तरह से वापस दिलाई। इसमें दरोगा अक्षय त्यागी, शुभम कुमार आदि की अहम भूमिका रही।

# कुत्तों ने फैलाई रेत-बजरी तो दंपती पर किया हमला

- एसएसपी के आदेश पर 21 दिन बाद चार आरोपियों पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान के पास पड़े रेत-बजरी को कुत्तों ने फैला दिया। इस पर पड़ोसी और उसके परिजनों ने निर्माणाधीन मकान मालिक दंपती पर हॉकी व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें दो गंभीर रूप से घायल हो गए। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर 21 दिन बाद चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जगतपुर काली मंदिर निवासी ओमकार सिंह ने बताया कि नकटिया की ग्रास मंडी, सैनिक कॉलोनी स्थित प्लॉट में उनके मकान का निर्माण चल रहा था। आरोप है कि 27 सितंबर को शाम करीब 4:30 बजे वह पत्नी आशा मौर्य के साथ प्लॉट देखने गए थे। पड़ोस में रहने वाली प्रमिला देवी उर्फ परवीना ने उनसे शिकायत करते हुए कहा कि उनकी रेत-बजरी कुत्तों ने फैला दी है और इसे तुरंत हटा लें। दंपती ने कुछ देर में हटवाने का आश्वासन दिया, लेकिन आरोपी महिला गाली गलौज करने लगी। इसी बीच महिला के बेटे आदर्श, सोम और शैलेंद्र चौधरी हॉकी और सब्बल लेकर आ गए और हमला कर दिया। हमले में आशा मौर्या व ओमकार के सिर समेत कई जगह गंभीर चोट आईं।

# शव निकालने के लिए काटनी पड़ी वैन, सड़क पर लगा रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ईको वैन। ● अमृत विचार



वैन से शवों को निकालती पुलिस।



क्षतिग्रस्त बस। ● अमृत विचार


राकेश


गौरव


जितेंद्र

- हरियाणा में मजदूरी करने वाले युवक दिवाली पर लौट रहे थे घर
- बरेली से ईको में हुए थे सवार बस चालक मौके से फरार

> सड़क हादसे में ईको कार चालक समेत तीन लोगों की मौत हुई है और 10 लोग घायल हुए हैं। छह घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। फरार बस चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। –**अंशिका वर्मा**, एसपी दक्षिणी

**अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर मार्ग पर ईको वैन और टूरिस्ट बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम को मृतकों राकेश, गौरव और जितेंद्र के शवों को ईको को कटर से काट कर बाहर निकालना पड़ा। हादसा होते ही बस चालक समेत उसमें बैठी सवारियां मौके से फरार हो गईं।

भुता थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि ईको में सवार सभी लोग मजदूरी करते हैं। सभी एक साथ धान काटने के लिए मथुरा, सिकंदराबाद, हरियाणा समेत कई राज्यों में जाते हैं। सभी हरियाणा गए थे और वहां से दीपावली मनाने अपने-अपने घर को आ रहे थे।

सभी बरेली से ईको में सवार हुए थे। हादसे में ईको चालक राकेश, गौरव और जितेंद्र की मौत हो गई। जबकि परेवा थाना बिलसंडा निवासी शिव शंकर, हरिश्चंद्र, छोटेलाल, महेंद्र कुमार, कांता प्रसाद, अजय कुमार, अमित कुमार, भजनलाल, वीरपाल, गोधनलाल निवासी गांव लमहुआ थाना दियोरिया बीसलपुर पीलीभीत गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस टीम ने तुरंत सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से छह लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि चार की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश में जुटी है।

### क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया

सड़क हादसे की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। करीब दो घंटे तक जाम के हालात बने रहे और वाहन रेंगते हुए निकले। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बुलडोजर की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड से हटवाया, उसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हुआ। वहां मौजूद हर कोई यही कहता दिखाई दिया कि काल बनकर आई टूरिस्ट बस ने मजदूरों के घर की खुशियां छीन ली। पुलिस मामले की जांच कर फरार बस चालक की तलाश कर रही है। एआरटीओ रमेश चंद प्रजापति ने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे की जांच की। सड़क के दोनों तरफ पटरी न होना और सड़क किनारे झुके पेड़ों से हादसा होने की आशंका जताई है। वहीं तहसीलदार अजय सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे का कारण जानने के लिए ग्रामीणों से बात की।

# फुलझड़ी, अनार और चकरी की ज्यादा मांग

## पटाखा बाजार : दुकानदारों के अनुसार पिछले साल की तुलना में पटाखों के दाम में 10 से 15 फीसदी वृद्धि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिवाली नजदीक आते ही शहर के पटाखा बाजारों रौनक दिखी। दुकानदारों के अनुसार फुलझड़ी, अनार और चकरी की मांग सबसे ज्यादा है। बाजार में देशी और विदेशी दोनों तरह के पटाखे उपलब्ध हैं, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस बार पटाखों के 10 से 15 फीसदी दाम अधिक हैं।

बरेली-नैनीताल रोड पर लगे पटाखा बाजार के व्यापारी मनोज ने बताया कि फुलझड़ी, अनार और चकरी जैसे पारंपरिक पटाखों की मांग सबसे ज्यादा है। दुकानदारों के अनुसार बाजार में छोटी फुलझड़ी 60 से 80 रुपये प्रति पैकेट, बड़ी फुलझड़ी 120 रुपये पैकेट, जबकि चकरी 100 से 150 रुपये दर्जन के हिसाब से बिक रही हैं। रंग-बिरंगे रोशनी छोड़ने वाले अनार 250 से 500 रुपये में मिल रहे हैं। दुकानदार रोहित गंगवार ने बताया कि रॉकेट और स्काई शॉट्स में भी इस बार खास वेराइटी आई है। पांच शॉट्स वाले छोटे रॉकेट 250 रुपये और दस शॉट्स वाले बड़े रॉकेट 500 से 700 रुपये में बिक रहे हैं। मल्टी-कलर स्काई शॉट्स की कीमत 800 से 1200 रुपये प्रति बॉक्स है। 'पेंसिल बम' और 'टिक्की बम' की भी अच्छी खासी मांग मांग है, जो 100 से 150 रुपये पैकेट के भाव से बिक रहे हैं। इसके अलावा ग्रीन पटाखे भी बाजार में हैं। सिविल लाइंस, कुतुबखाना और इज्जतनगर इलाकों की कॉलोनियों में भी पटाखों की छोटी दुकानें लग गई हैं।



सुभाष नगर रेलवे ग्राउंड पर पटाखा बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### डीएम के निर्देश पर दुकान चेक करने दौड़ीं टीमें

डीएम के निर्देश पर शनिवार शाम नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में लगाए गए अस्थाई पटाखा बाजार में दुकानों की चेकिंग के लिए टीमें दौड़ीं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट, एसीएम प्रथम और एसीएम द्वितीय के नेतृत्व में भी टीमों ने देर शाम पटाखा बाजार का अवलोकन किया।

## पटाखा लाइसेंस का एमबी इंटर कॉलेज मैदान पर उल्लंघन, फिर भी अनदेखी

● 30 की अनुमति पर लगा दीं ज्यादा दुकानें, अफसरों से शिकायत के बाद भी बदलाव नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट और एसीएम द्वितीय की ओर से शहर में नौ स्थानों पर लगने वाले अस्थाई पटाखा बाजार के लिए लाइसेंस जारी करने के साथ दुकान लगाने की शर्तें भी लागू की गई हैं लेकिन शर्तों का खुला उल्लंघन हो रहा है। एमबी इंटर कॉलेज के मैदान पर जो दुकानें लगाई गई हैं, उनमें एक मीटर का भी गैप नहीं दिया है जबकि नियमानुसार तीन मीटर का गैप देने के बाद ही दूसरी दुकान लगाई जानी चाहिए। इसके अलावा खुले में रखकर पटाखा बेचने पर प्रतिबंध है लेकिन खोलकर पटाखा बेचे जा रहे हैं। इतनी नहीं, सीएफओ की रिपोर्ट पर प्रशासन ने 30 दुकानें लगाने की अनुमति दी है जबकि शनिवार को मैदान पर 50 से ज्यादा दुकानें लगाने की बात सामने आई। इस संबंध में सत्यम सक्सेना ने पुलिस प्रशासन के अफसरों से शिकायत की लेकिन जिम्मेदारों ने अनसुनी कर दी। ऐसी स्थिति में एक चिंगारी पूरे बाजार के साथ आसपास के क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसी तरह जीआईसी व इस्लामिया मैदान पर सजे पटाखा बाजार में देखी गयी है। यहां भी मानकों का उल्लंघन खूब हो रहा है।



एमबी इंटर कॉलेज के मैदान पर लगीं दुकानों के बीच नहीं कोई गैप। ● अमृत विचार

## बैंकों में 24 घंटे में नहीं हो रहा चेक क्लियरेंस, लोग परेशान

● सॉफ्टवेयर अपडेशन में गड़बड़ी से आ रही समस्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) के नए निर्देशों के अनुसार बैंकों को 24 घंटे के अंदर चेक क्लीयरेंस करना अनिवार्य है, लेकिन जिले की कई बैंकों में सॉफ्टवेयर अपडेशन की तकनीकी दिक्कतों के चलते यह प्रक्रिया ठप पड़ी है। शहर के कई बैंकों में दो दिनों से उपभोक्ताओं के चेक 24 घंटे में क्लियर नहीं हो पा रहे हैं। ग्राहकों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

ज्यादातर बैंकों में कोर बैंकिंग सिस्टम में अपडेशन कार्य चल रहा है। इससे क्लीयरिंग हाउस से डेटा सिंक न होने पर चेक प्रक्रिया एक दिन से ज्यादा का समय ले रही है। व्यापारी राजीव अग्रवाल ने बताया ने बताया कि तीन दिन पहले जमा किया गया चेक अब तक क्लियर नहीं हुआ है, जबकि पहले यह प्रक्रिया एक दिन में पूरी हो जाती थी। एलडीएम (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) कार्यालय की ओर से बताया गया कि कुछ तकनीकी बदलाव और सर्वर सिंक्रोनाइजेशन के चलते चेक क्लियरिंग अस्थायी रूप से प्रभावित है। यूनाइटेड बैंक फोरम के अध्यक्ष पीके महेश्वरी ने बताया कि नए सिस्टम की वजह से ग्राहकों को परेशानी हो रही है। त्योहारी सीजन में चेक क्लियर न होने से व्यापारियों का पैसा अटका हुआ है। एलडीएम के अनुसार 21 अक्टूबर को बैंक खुले रहेंगे। बुधवार और गुरुवार को बैंक बंद रहेंगे। शुक्रवार को बैंक खुलेंगे।

### त्योहार पर एटीएम बूथ में पर्याप्त कैश

त्योहार पर शहर के लगभग सभी प्रमुख इलाकों में एटीएम पर पर्याप्त कैश उपलब्ध है। प्रेमनगर, किला, सिटी स्टेशन व डीडीपुरम क्षेत्रों में एटीएम मशीनें सामान्य रूप से चलती रहीं। ग्राहकों को नकद निकासी में कोई परेशानी नहीं हुई।

## सिटी ब्रीफ

### रेलवे कालोनियों में सफाई को चलेगा विशेष अभियान

**बरेली,अमृत विचार :** त्योहारों के दौरान मुरादाबाद मंडल ने सभी स्टेशनों पर स्थित रेलवे कालोनियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। इस अभियान के तहत बरेली साउथ और बरेली नार्थ रेलवे कॉलोनी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। मंडल प्रशासन ने अभियान 20 से 25 अक्टूबर तक चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान रेलवे कॉलोनियों की सड़कों, नालियों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई कराई जाएगी। वहीं पुराने और खराब पड़े कूड़ेदानों को बदलने के साथ जगह-जगह कचरा निस्तारण बिंदु बनाए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों से सफाई की शिकायतें मिल रही थीं, खासकर बरेली साउथ कॉलोनी में नालियां जाम होने और सड़क किनारे गंदगी जमा होने की समस्या सामने आई थी। अब मंडल की देखरेख में दैनिक सफाई की निगरानी भी की जाएगी। अधिकारियों ने कॉलोनीवासियों से भी अपील की है कि वे सफाई व्यवस्था में सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

### गोबर से सजावटी सामान बना रहीं महिलाएं

**बरेली, अमृत विचार :** पीएम स्वनिधि योजना के तहत आत्मनिर्भर बने स्ट्रीट वेंडर्स और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गोबर से दीये, मूर्तियां और अन्य सजावटी सामान तैयार किए हैं। ये सामान शहर भर में लगाए गए स्टॉलों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे इन महिलाओं को आय भी हो रही है। अर्बन हाट में भी विशेष मेला लगाया गया है, जहां गोबर से बने दीये और अन्य सामान बेचे जा रहे हैं। दिवाली पर इन दीयों से घर रोशन होंगे। स्वच्छता भारत मिशन के टीम लीडर जोगिंदर सिंह ने बताया कि दिवाली पर गोबर से बने दीये और अगरबत्तियां घरों और दुकानों को रोशन करेंगी और महकाएंगी। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने गोबर से बने विभिन्न सजावटी सामान जैसे मोबाइल स्टैंड, दीवार घड़ी, झुमर, पेन स्टैंड, नेम प्लेट, चाभी रिंग और बच्चों के खिलौने भी तैयार किए हैं। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि सीबीगंज के नंदौसी गांव में नगर निगम की कान्हा उपवन से गोबर लेकर सैकड़ों महिलाएं इन सामानों का निर्माण कर रही हैं। इससे न केवल महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ हो रहा है।

### श्री हरि मंदिर में भागवत कथा को दिया विश्राम

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा को शनिवार को विश्राम दिया गया। कथावाचक भोलानंद महाराज ने शिशुपाल वध और भगवान श्री कृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाया। इससे पहले मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, हरीश लुनियाल, राजेश आनंद आदि मौजूद रहे।

### लगातार बढ़ रहा अधिकतम तापमान उमस ने किया परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** शहर का अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे लोग उमस से परेशान हो रहे हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 19 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी इसी तरह का तापमान रहने का अनुमान जताया है।

## अनदेखी



पटेल चौक से सिकलापुर रोड पर सुलभ शौचालय के पास फुटपाथ धंसने से बड़ा गड्ढा हो गया है। इसकी वजह से कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ● हरदीप सिंह टोनी

## डेंगू रिपोर्ट में अंतर पर अस्पताल की लैब सीज

● सीएचसी में डेंगू रिपोर्ट निगेटिव और निजी अस्पताल में आई पॉजिटिव

● गर्भवती के जुड़वा बच्चों की मौत की चर्चा, संचालक से दो दिन में मांगा जवाब

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** गर्भवती महिला की सीएचसी और निजी अस्पताल की लैब में डेंगू की जांच रिपोर्ट में अंतर सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। सीएचसी प्रभारी ने निजी अस्पताल की लैब को सीज कर दिया है और दो दिन में जवाब मांगा है।

सीएचसी भमोरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि निजी अस्पताल की लैब में डेंगू पॉजिटिव की शिकायत मिलने पर वह जांच करने पहुंचे थे। पता चला कि एक गांव की गर्भवती सुबह सीएचसी में खून की जांच कराने आई थी, जहां उसकी रिपोर्ट में डेंगू नेगेटिव मिला। इसके बाद परिजनों ने गर्भवती को नकटपुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच में उसे डेंगू पॉजिटिव बताया गया। डॉ. कुमार ने कहा कि अस्पताल ने भर्ती से पहले महिला के परिजनों से इलाज के पैसे भी जमा करवा लिए गए और सादे कागज पर हस्ताक्षर भी करवा लिए और करीब दो घंटे तक कोई उपचार नहीं दिया। प्रबंधन से मरीज के इलाज की फाइल मांगी तो वह उसे नहीं दिखा सके। वहां अस्पताल में डॉक्टर और समुचित व्यवस्थाएं भी नहीं मिलीं, जिस पर लैब को सीज कर दो दिन में रिपोर्ट मांगी गई है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि इलाज नहीं मिलने से गर्भवती के जुड़वा बच्चों की हालत बिगड़ गई और दोनों की गर्भ में मौत हो गई, हालांकि इस संबंध में प्रशासन या अस्पताल से किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच जारी है और लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दिवाली पर ट्रेनें फुल, भीड़ रोकने को बढ़ाई सतर्कता

● कई ट्रेनों में वेटिंग 200 के पार पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दिवाली और छठ पर घर जाने वालों की भारी भीड़ की वजह से रेलवे अलर्ट है। बरेली जंक्शन समेत आसपास के सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें पूरी तरह फुल हो चुकी हैं। कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट 200 से पार पहुंच चुकी है। ऐसे में कोचों में अधिक भीड़ की स्थिति न बने, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने सख्त निगरानी और काउंसिलिंग अभियान शुरू किया है।

वरिष्ठ सीएमआई मोहम्मद इमरान के निर्देशन में चेकिंग स्टाफ प्लेटफार्म और कोचों में यात्रियों से संवाद कर उन्हें जागरूक कर रहा है कि बिना आरक्षित टिकट यात्रा न करें। यात्रियों को समझाया जा रहा है कि ओवरक्राउड से सुरक्षा और आराम दोनों प्रभावित होते हैं। वहीं स्टेशन पर घोषणाओं के माध्यम से लोगों को निर्धारित कोच और प्लेटफॉर्म से ट्रेन में चढ़ने की सलाह दी जा रही है।

जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। प्लेटफार्म, टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल और फुटओवर ब्रिज पर जवान लगातार गश्त कर रहे हैं।

संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त विशेष ट्रेनों के संचालन के साथ-साथ हेल्पडेस्क भी सक्रिय किए हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे भीड़भाड़ में संयम बनाए रखें और किसी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत रेलवे हेल्पलाइन 182 पर दें।



बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने को मारामारी करते यात्री। ● अमृत विचार

## एसपी मुकेश की पदोन्नति एडीजी ने लगाए नए रैंक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जोन कार्यालय में शनिवार को आयोजित पिपिंग सेरेमनी में एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा को विशेष श्रेणी-दो के पद पर पदोन्नत किया गया।

इस मौके पर एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने उन्हें नए रैंक लगाकर सम्मानित किया। उन्हें पदोन्नति की बधाई दी। एडीजी ने कहा कि मुकेश चंद्र मिश्र ने अपने कार्यकाल में हमेशा ईमानदारी, अनुशासन और प्रोफेशनलिज्म का परिचय दिया है। डीआईजी ने कहा कि मुकेश मिश्र ने हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। एसएसपी ने कहा कि उनकी पदोन्नति विभाग के लिए गौरव की बात है। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



एडीजी, डीआईजी व एसएसपी ने नए रैंक लगा एसपी मुकेश को सम्मानित किया।









## अधूरी परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को जिले में संचालित एक करोड़ से अधिक लागत के सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया कि विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं की ओर से 1117 परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें से 346 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं और 772 अभी अधूरी हैं। डीएम ने अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए धन की कमी है, उनके लिए बजट की मांग की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, डीएसटीओ और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने से न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि आम जनता को भी इसका लाभ मिलेगा।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

**जेब पर बोझ** स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को दो हजार की जगह देने होंगे 6 हजार रुपये

## दिवाली पर झटका, बिजली कनेक्शन की नई दरें लागू

● पहले शहरी क्षेत्र में एक किलोवाट के कनेक्शन पर दो हजार व ग्रामीण क्षेत्र में 1100 रुपये का चार्ज जाता था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दिवाली के मौके पर नया कनेक्शन कराने वाले लोगों को महंगाई का करंट लगा है। बढ़ी हुई दरों को शहरी क्षेत्र में लागू कर दिया गया है। नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में उपभोक्ताओं को अब दो हजार की जगह पर 6 हजार रुपये जमा करने होंगे।

पहले शहरी क्षेत्र में एक किलोवाट के बिजली कनेक्शन पर करीब दो हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 1100 रुपये का चार्ज जाता था। अब शासन की तरफ से नए कनेक्शन के रेट बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में अब लोगों को 2 हजार की जगह 6016 रुपये खर्च करने होंगे। नए रेट दिवाली से पहले शहरी क्षेत्र में लागू कर दिए गए हैं। कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बाद जब जेई की तरफ से मौके पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट लगाने के बाद कनेक्शन की फीस जमा करने के लिए कहा गया तो नए उपभोक्ताओं को कनेक्शन पर बढ़े हुए रेट की जानकारी हुई।

अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार ने बताया कि नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। जो रेट बढ़ाए गए हैं उसका फैसला शासन की तरफ से किया गया है। बढ़े हुए रेट शहरी क्षेत्र में लागू कर दिए गए हैं।

### धनतेरस पर लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने किया परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** धनतेरस पर शहर में कई इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान किया। गली आर्य समाज और आलमगिरीगंज में बिजली कटौती से दुकानदारों के साथ ग्राहकों को भी दिक्कत हुई। कुतुबखाना सबस्टेशन के आलमगिरीगंज, गली आर्य समाज में सुबह 11 से डेढ़ बजे तक बिजली ने आंख मिचौली का खेल खेला। जिससे दुकानदार परेशान होते रहे। सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के कालीबाड़ी पर शनिवार दोपहर को बिजली कटौती की गई। सदर कैंट और रामपुर गार्डन में भी लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। शाम 7 से 8 बजे तक जानकी फ्लैट की लाइन में फाल्ट होने से बिजली गुल रही। सनसिटी सबस्टेशन के पास लगे ट्रांसफार्मर पर तेल लीक होने से बिजली संकट रहा। क्षेत्र के लोगों की सूचना पर शटडाउन लेकर फाल्ट को ठीक कराया गया। शाहदाना, डेलापीर और जगतपुर से जुड़े इलाकों में भी फेस नहीं आने और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

### दिवाली पर कनेक्शन काटने का अभियान रोका

**बरेली, अमृत विचार :** दिवाली के मौके पर विभाग ने बकाया बिजली बिल पर कनेक्शन काटने के अभियान पर तीन दिन तक रोक लगा दी है। लखनऊ में बकाया बिल पर कनेक्शन काटने के बाद जेई का निलंबन होने के बाद अधिकारी सकते में आ गए हैं। इसके बाद जिले में भी दिवाली के मौके पर कनेक्शन काटने के अभियान को बंद कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि दिवाली के चलते तीन दिन के लिए सभी तरह के बकाया बिल पर कनेक्शन काटने का अभियान रोक दिया गया है।




## शहर में आज

- जनपद स्तरीय स्वदेशी मेले के आयोजन अर्बन हाट में सुबह 8 बजे से।
- आईएमए का दिवाली उत्सव आईएमए फॉर्म डोहरा रोड में रात 8 बजे।
- बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार की तरफ से माता की चौकी योग हाल बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन बीसलपुर रोड में दोपहर 12 बजे से।

## सिटी ब्रीफ

### सीनियर महिला फुटबॉल की मंडलीय टीम चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 अक्टूबर तक जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम देवी पाटन, गोंडा में किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को मंडल स्तरीय टीम के स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल हुए। इसमें बरेली की कसक यादव, रोशनी राजपूत, अंशु राजपूत, अंशिका, दिशा, आयुषि बिष्ट, एंजल, साक्षी और पीलीभीत की वैष्णवी, पायल सिंह, संध्या यादव, श्रद्धा वर्मा तथा बदायूं की सुवालिया खान, शिवानी यादव और स्वास्तिक चौधरी, अंशिका का चयन टीम में किया गया।

### तुलसी मठ में हनुमान जयंती व अन्नकूट महोत्सव मनेगा

**बरेली, अमृत विचार :** तुलसी मठ में हनुमान जयंती व अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार शाम साढ़े पांच बजे महाआरती और साढ़े आठ बजे रासलीला का आयोजन होगा। 22 अक्टूबर को सायं ध्वज आरती, गोवर्धन पूजा और साढ़े छह बजे से अन्नकूट भंडारा के साथ शास्त्रीय गायन व संकीर्तन होंगे।

## प्रतिमाएं और पार्क रोशनी से जगमग



दिवाली को लेकर शहर को रोशनी से जगमग किया जा रहा है। शनिवार को चौकी चौराहा पर नेहरु की प्रतिमा, महर्षि कश्यप चौक के साथ गांधी उद्यान को रंग बिरंगी रोशनी की झालरों से सजाया गया। ● अमृत विचार

# एथलेटिक मीट में ग्रीन हाउस बना चैंपियन

## बिशप कॉनराड स्कूल में प्रतियोगिता का हुआ समापन, खिलाड़ियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बिशप कॉनराड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 23वीं इंटर हाउस एथलेटिक मीट का शनिवार को समापन हुआ। इसमें रेड, येलो, ग्रीन और ब्लू हाउस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियन ग्रीन हाउस और रनरअप ब्लू हाउस रहा।

प्रतियोगिता में 15 सौ मीटर दौड़ ओपन में येलो हाउस के अरुण कुमार गुर्जर, आठ सौ मीटर में जूनियर बालक में हर्ष बिष्ट और सीनियर में युवांग जोशी, 100 मीटर में सब जूनियर बालक में मो. अली और बालिका आदिना फातिमा, जूनियर बालक में नबील, बालिका में पलक मसीह, सीनियर बालिका में दिया रावत और बालक में सिद्धांत, 4 सौ मीटर जूनियर बालक में विराट सिंह, बालिका में संगीता देवी, 2 सौ मीटर सब जूनियर बालक में दर्श, बालिका में दक्षिता, जूनियर बालिका में पलक मसीह और बालक में नबील, सीनियर बालिका में आरिशी और बालक में सिद्धांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



प्रमाण पत्र और मेडल के साथ विजयी खिलाड़ी, साथ में अतिथि। ● अमृत विचार

शाटपुट जूनियर बालक वर्ग में आदित्य, बालिका में अंबिका, सीनियर बालक में इब्राहिम और बालिका में दिया रावत, भाला फेंक में मो. अफान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिक्स रिले में सब जूनियर में रेड हाउस, जूनियर में ग्रीन हाउस और सीनियर में येलो हाउस विजेता रहा। 800 मीटर रिले रेस सब जूनियर बालिका में रेड हाउस, जूनियर बालिका में येलो हाउस, बालक में येलो हाउस, सीनियर बालिका में ब्लू और बालक में ग्रीन हाउस ने प्रथम स्थान पाया। लंबी कूद में जूनियर बालिका में नंदिता यादव, बालक में अभय प्रताप सिंह विजेता रहे। चक्का फेंक में जूनियर बालिका में पलक मसीह, बालक में अक्षित कुमार, सीनियर बालिका में श्रेया, बालक में एकांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैंपियनशिप भी खिलाड़ियों को दी गई। सब जूनियर बालक में मोहम्मद अली, बालिका में एडिना फातिमा, जूनियर बालक में नबील, बालिका में पलक, सीनियर बालक में सिद्धांत श्रीवास्तव, बालिका में आरिशि को मेडल प्रदान किए गए। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट भी दिए गए।

- **विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया**

मुख्य अतिथि कैथरीन डियाज ने मशाल प्रज्ज्वलन कर कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में संतुलन बनाकर चलने की प्रेरणा दी। समापन अवसर पर स्पोर्ट्स कैप्टन मो. अफान और वाइस कैप्टन दिया रावत ने प्रधानाचार्य, मैनेजर, उपप्रधानाचार्य और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रॉयल एंथोनी, उपप्रधानाचार्य के. इग्निशियस, वंसेलेस, पॉलिन आदि उपस्थित रहे।

# कंपोजिट व स्पोर्ट्स ग्रांट खर्च नहीं करने पर बीएसए नाराज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **धनराशि खर्च न करने पर प्रधानाध्यापकों को दी चेतावनी**
- **20.77 करोड़ की धनराशि दी गई थी, केवल 8.90 करोड़ ही खर्च**

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में स्पोर्ट्स और कंपोजिट स्कूल ग्रांट का धन अब तक उपयोग न किए जाने पर बीएसए संजय सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दी गई ग्रांट का उपयोग तत्काल किया जाए। आदेश का पालन न करने पर संबंधित प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है।

जारी पत्र के अनुसार ग्रांट का हस्तांतरण होने के बाद भी कई विद्यालयों ने अब तक इसका उपयोग नहीं किया है। वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 तक जिले के 4416 स्कूल प्रबंधन समितियों को 20.77 करोड़ की धनराशि दी गई थी, जिसमें से केवल 8.90 करोड़ ही खर्च किए गए हैं। सबसे कम बहेड़ी में 25.30 व मीरगंज में 26.06 प्रतिशत धनराशि खर्च हुई है। जबकि सबसे अच्छा प्रदर्शन बिथरी ब्लॉक का रहा है। जहां 73.36 प्रतिशत राशि का उपयोग किया गया। बीएसए ने कहा कि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी धनराशि स्कूलों के विकास, खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दी जाती है। इसे अनावश्यक रूप से रोकना या खर्च में देरी करना अनुशासनहीनता माना जाएगा। यदि आदेश मिलने के दो दिन के अंदर धनराशि का उपयोग नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राज्य परियोजना कार्यालय को लिखा जाएगा।

# पंचायती राज व्यवस्था पर शोध की प्रस्तुति दी



शिक्षकों के साथ शोधार्थी विजय सिंह। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शनिवार को शोधार्थी विजय सिंह की पीएचडी की मौखिक परीक्षा का प्रस्तुतीकरण हुआ। प्रस्तुतीकरण में बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो. राजेश कुमार मलिक, संकाय अध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ लॉ सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा उपस्थित रहे। सुपरवाइजर प्रो. डीके सिंह, बरेली कॉलेज और रिसर्च कॉर्डिनेटर संकाय एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह उपस्थित रहे।

शोधार्थी विजय सिंह ने भारत में पंचायती राज व्यवस्था एवं 73वां संविधान संशोधनः शाहजहांपुर जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन पर अपनी प्रस्तुति दी। शोधार्थी ने ग्राम पंचायत चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव अपने रिसर्च में दिए।

इस अवसर पर विधि विभाग के शिक्षक डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. प्रवीण कृष्ण चौहान, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, रविकर यादव और रिसर्च स्कॉलर शैलेंद्र, मृदुल शुक्ला, कर्मचारी गुलाब सिंह, राम वचन, मोहित आदि उपस्थित रहे।

## सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में दीपोत्सव



धनतेरस पर सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। खिलाड़ियों और कोचों ने स्कूल ग्राउंड पर कैंडल जलाकर पूजन किया। एक दूसरे के साथ सेल्फी ली। स्कूल निदेशक निर्भय सिंह, रिंकू गोम्स, सुनील कुमार, अमित, शहनवाज आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया दीपोत्सव



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल कैंट में धनतेरस पर संयुक्त रूप से दीपोत्सव पर्व मनाया गया।

इसमें छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में सुंदर रंगोली बनाई। प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही और उपप्रधानाचार्य नंदकिशोर माथुर ने स्वच्छता सेवकों को दिवाली के उपहार में मिष्ठान वितरित किए। उन्होंने दीपक प्रज्ज्वलित कर सभी विद्यालय परिवार को सुरक्षित और सावधानी से दिवाली मनाने का अनुरोध करते हुए धनतेरस और दिवाली की बधाई दी।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**
- **Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences)** (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# मानव सेवा क्लब ने वृद्धाश्रम में मनाई दिवाली



वृद्धजनों के साथ दिवाली मनाते क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **वृद्धजनों को फल और मिठाई का वितरण किया**

**अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने शनिवार को हार्टमन पुल के समीप काशी वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ दिवाली मनाई। सात वृद्ध महिलाओं को शाल और हार पहनाकर सम्मानित किया। प्रकाश चंद्र और अरुणा सिन्हा ने गीत प्रस्तुत किए।


वृद्धजनों को लगा कि वे अपने परिवार के साथ त्योहार का आनंद ले रहे हैं। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि वह हर त्योहार वृद्धजनों के साथ मिलकर मनाते हैं। वृद्धजनों को मिष्ठान, फल ,मोमबत्ती, दीयों का वितरण किया। सुनील शर्मा, जितेंद्र सक्सेना, ऋचा,समर्थ, सक्षम, रश्मि, डीडी. शर्मा,आशा शुक्ला, आरके.सक्सेना, एएल. गुप्ता, मुकेश कुमार सक्सेना, किरन सक्सेना, काजोल, दीप्ति,आदिति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



### औद्योगिक विकास में योगदान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट को सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग, जिला प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से शुक्रवार शाम अर्बन हाट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025, स्वदेशी मेला व युवा उद्यमी सम्मान समारोह हुआ, जिसमें औद्योगिक विकास में योगदान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। यह सम्मान ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने ग्रहण किया। मेयर डॉ. उमेश गौतम, उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त विकास यादव, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बरेली के औद्योगिक विकास में योगदान के लिए एसआरएमएस ट्रस्ट के अलावा एक दर्जन उद्यमियों को सम्मानित किया। अशोक गोयल, एसके सिंह, मयूर धीरवानी अजय शुक्ला, पारस खंडेलवाल, आशुतोष शर्मा, गौरव मित्तल आदि मौजूद रहे।



### वनमंत्री ने मुख्यमंत्री को श्रीराम की मूर्ति भेंट की

**बरेली, अमृत विचार :** वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर श्रीराम की मूर्ति भेंट की। साथ ही दिवाली की उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वनमंत्री से बरेली के विकास कार्यों से लेकर कानून व्यवस्था पर चर्चा की।

### रोटरी क्लब ऑफ बरेली चैंबर ने बच्चों को बांटी मिठाई

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली चैंबर ने शनिवार को गुरुकुल सनातन स्कूल के बच्चों के साथ त्योहार की खुशी साझा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब के सदस्यों ने बच्चों को मोमबत्तियां, पटाखे और मिठाई बांटी। इससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



क्लब के अध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने बताया कि दिवाली की सच्ची भावना जीवन को प्यार, देखभाल और करुणा से रोशन करने में है।